**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 15.07.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना मटौंध पुलिस द्वारा अवैध गांजे के साथ अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार । अभियुक्त के कब्जे से 1290 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन ईगल" के क्रम में थाना मटौंध पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है । गौरतलब हो कि दिनांक 14/15.07.2026 की रात्रि थाना मटौंध पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को इन्द्रपुरवा मोड ग्राम दुरेडी के पास अवैध सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है । तलाशी के दोरान अभियुक्त के कब्जे से कुल 01 किलो 290 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है । पुलिस द्वारा बरामद अवैध सूखे गांजे को कब्जे में लेकर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया ।

**बरामदगी-**

- 01 किलो 290 ग्राम अवैध सूखा गांजा ।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. सुरेन्द्र पुत्र मलखान निवासी क्योटरा थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा ।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0- 142/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना मटौंध जनपद बांदा ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 श्री अरविन्द्र कुमार चौकी प्रभारी भूरागढ थाना मटौंध
2. कां0 अनुज यादव
3. कां0 दिनेश यादव
4. कां0 शशिकांत यादव